सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 49 इंदौर, गुरुवार 24 अगस्त, 2023 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Chandrayaan-3: चंद्रयान की सफलता से ब्रिक्स सम्मेलन में छाए पीएम मोदी, दुनियाभर के नेताओं से मिली बधाइयां
2. US: 'आपके साथ साझेदारी करके गर्व', अमेरिका ने चंद्रयान-3 के चांद पर उतरने पर भारत की तारीफों के बांधे पुल
3. Nuh Violence: नूंह हिंसा के एक और आरोपी की पुलिस से मुठभेड़, ओसामा को लगी गोली, नल्हड़ में लगाई थी आग
4. Nepal: बारा जिले में हुआ बड़ा सड़क हादसा, दुर्घटना में गई छह भारतीयों समेत सात की जान
5. Wagner Chief: रूस में क्रैश हुए विमान में सवार थे वैगनर प्रमुख, रूसी विमानन एजेंसी ने की पुष्टि, 10 की मौत
6. USA: अमेरिका में फिर हुई गोलीबारी, कैलिफोर्निया के बार में अंधाधुंध फायरिंग में पांच की मौत

# महाकाल लोक के बाद अब भव्य हनुमान लोक

## 314 करोड़ से बनेगा कॉरिडोर, सीएम शिवराज रखेंगे आधारशिला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

छिंदवाड़ा। महाकाल लोक के बाद अब मध्यप्रदेश में भव्य हनुमान लोक नजर आएगा। भाजपा पूर्व सीएम कमलनाथ के गढ़ छिंदवाड़ा में हनुमान लोक को आकार देने जा रही है। सौंसर के जाम सांवली हनुमान मंदिर में अलौकिक हनुमान लोक आकार लेने जा रहा है। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड 314 करोड़ की लागत से करीब 30 एकड़ में इसका निर्माण करवा रहा है, जिसकी आधारशिला मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को रखेंगे।



मध्यप्रदेश टूरिज्म विभाग के कार्यपालन यंत्री राजीव श्रीवास्तव ने बताया कि हनुमान लोक के निर्माण की जिम्मेदारी एमके इंजीनियरिंग, भोपाल के जिम्मे है। यह वही कंपनी है, जो सलकनपुर धाम के विकास कार्य का काम देख रही है। उज्जैन के महाकाल लोक की तर्ज पर 6 फेज में हनुमान लोक कॉरिडोर का काम होगा। फर्स्ट फेज में 35 करोड़ की लागत से कॉरिडोर का निर्माण होगा, जिसमें एंट्रेंस प्लाजा से हनुमान लोक तक का काम किया जाएगा।

पहले फेज में ही दो बड़े कॉरिडोर का निर्माण होगा। इसमें हनुमान जी के बाल रूप का चित्रण होगा। किष्किंधा से लेकर सूर्यदेव से जुड़ी कहानियों तक को यहां हाईटेक तकनीकी से दर्शाया जाएगा। महाकाल लोक की तर्ज पर हनुमान लोक कॉरिडोर में 9 फाइबर की मूर्तियां लगाई जाएंगी। इसके अलावा भक्तों की संख्या को देखते हुए पार्किंग को भी बड़ा रूप दिया जाएगा। त्योहारी सीजन में लाखों भक्तों की यहां आवाजाही रहती है, इस कारण 400 दो पहिया और 400 चार पहिया वाहनों के हिसाब से करीब डेढ़ लाख स्क्वायर फीट में पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी।

छिंदवाड़ा का सौंसर क्षेत्र धार्मिक क्षेत्र के रूप में विकसित हो रहा है। हनुमान लोक बनने के बाद जाम सांवली मंदिर में भक्तों की तादाद बढ़ेगी। भक्तों की संख्या में बढ़ोतरी होने से इस क्षेत्र को धार्मिक पर्यटन हब के रूप पहचान मिलेगी। ऐसे में यहां पर रेस्टोरेंट समेत अन्य कई प्रकार की सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी। ट्रैवल इंडस्ट्रीज को भी बढ़ावा मिलेगा।

पहले चरण का काम पूरा होने के बाद हनुमान लोक के दूसरे फेज का काम शुरू होगा। इसमें मंदिर से एक किमी दूर स्थित जाम नदी पर एक घाट का निर्माण होगा। घाट पर चेंजिंग रूम भी विकसित होगा। जाम सांवली हनुमान मंदिर का पिछले लगभग 3 वर्षों से निर्माण कार्य बंद था। संभावना जताई जा रही है कि मंदिर का निर्माण कार्य का प्रपोजल धर्मस्व विभाग को भेजा जा चुका है। अब मंदिर का निर्माण कार्य धर्मस्व विभाग करेगा।

### आज छिंदवाड़ा आएंगे CM शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार को छिंदवाड़ा आ रहे हैं। वे सांवली मंदिर में श्री हनुमान लोक की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद शहर में 4 किलोमीटर लंबा जनदर्शन रोड शो निकालेंगे। CM के प्रोग्राम को लेकर शहर में भारी वाहनों के प्रवेश को प्रतिबंधित किया गया है। रूट भी डायवर्ट किए गए हैं। जाम सांवली हनुमान मंदिर का निर्माण 314 करोड़ रुपए की लागत से होगा।

# दतिया में महिला की गोली मारकर हत्या

## आरोपी ने खुद पर भी फायर किया, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया । दतिया में एक महिला की उसके ननदोई ने गोली मारकर हत्या कर दी। बीच-बचाव में महिला का भाई भी घायल हुआ है। इसके बाद आरोपी ने खुद को गोली मारकर सुसाइड कर लिया। पुलिस ने परिजन के बयान लेकर जांच शुरू कर दी है।**

वारदात इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के गांव रारुआजीवन में बुधवार सुबह 11 बजे की है। आरोपी का नाम राहुल बताया गया है। महिला का भाई जिला अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के अनुसार, महिला की शादी 2 साल पहले दतिया के इटारोरा गांव में हुई थी। उसका पति कैलाश महाराष्ट्र के पुणे में पानीपुरी का ठेला लगाता है। करीब 6 महीने पहले जब वह गांव लौटा तो महिला ने उसे बताया कि ससुर



फूल सिंह और ननदोई राहुल जाटव (36) ने उसके साथ दुष्कर्म किया है। पति ने उसकी बात नहीं सुनी। विवाद के बाद वह मायके चली गई।

इसके बाद वह पिता के साथ इंदरगढ़ थाने पहुंची। हालांकि, पुलिस ने दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज नहीं कर मारपीट की शिकायत दर्ज कर ली। कुछ समय बाद महिला ससुराल लौट आई। ससुरालवाले केस वापस लेने का दबाव बनाने लगे तो वह फिर मायके चली गई। बुधवार को महिला का ननदोई राहुल जाटव उसके मायके पहुंचा। घर के पीछे की दीवार फांदकर अंदर घुसा और महिला को गोली मार दी। आवाज सुनकर भाई बचाने दौड़ा तो उसे भी गोली मार दी। इसके बाद आरोपी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया और कुछ देर बाद आत्महत्या ली। महिला की एक महीने की बच्ची है।

आईडीए की ओर से राज्य शासन को लिखा पत्र

# आईडीए की विभिन्न योजनाओं से मुक्त होगी 55 कालोनियां

◆ प्राधिकरण ने प्रस्ताव के बाद अब शासन को भेजा पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर विकास प्राधिकरण की ओर से राज्य शासन को एक पत्र भेज कर कहा गया है कि हमारी योजनाओं में शामिल 55 कालोनियों को योजनाओं से मुक्त कर आजाद कर दो। प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक में प्रस्ताव मंजूर किए जाने के बाद वह प्रस्ताव पहले ही राज्य शासन को भेजा जा चुका है अब पत्र भेज कर भी शासन को कार्रवाई करने की याद दिलाई गई है।**

प्राधिकरण के संचालक मंडल की पिछले बैठक में एक प्रस्ताव मंजूर किया गया था । इस प्रस्ताव के अंतर्गत प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में कई सालों से शामिल उन कॉलोनीयों को योजना से मुक्त करने का फैसला लिया गया था जिसमें कि अब तक कोई काम नहीं किया जा सका है । इस बारे में शासन की ओर से भी प्राधिकरण को दिशा निर्देश प्राप्त हो गए थे इसी निर्देश के आधार पर यह कदम उठाया गया ।

### वैध करने का रास्ता अब ज्यादा दूर नही है

इन्दौर विकास प्राधिकरण के द्वारा अपनी विभिन्न योजनाओं से प्रभावित कालोनियों को योजना से डिनोटीफाई किये जाने का निर्णय लिया गया था । इस संबंध में कल एक पत्र इन्दौर विकास प्राधिकरण द्वारा राज्य शासन को प्रेषित किया गया है ।प्राधिकरण के अध्यक्ष जयपालसिंह चावड़ा ने बताया कि प्राधिकरण की विभिन्न योजनाओं में सम्मिलित कालोनियों जो अवैध कालोनी की श्रेणी में आती है उन्हे वैध करने का रास्ता अब ज्यादा दूर नही है। योजना क्रमांक 161, 172, 77 में शामिल कालोनियों को वैध किया जा सकेगा । जिससे इन कालोनियों में रहने वाले लगभग 50 लाख लोगों का अपना आवास वैद्य हो जाएगा । चावड़ा ने बताया कि इन कालोनियों में स्तरीय नागरिक सुविधाऐं जैसे- अच्छे रोड़, ड्रेनेज, पानी आदि की व्यवस्थित व्यवस्था हो सकेगी।

### इन कॉलोनी को मिलेगा लाभ

प्राधिकरण के द्वारा जिन कॉलोनीयों को दी नोटिफाई किए जाने की पहल की गई है उसमें सृष्टि पैलेस, श्रीनाथ विहार, श्रीनाथ स्टीट, ऋषि नगर-ए, ऋषि नगर-बी, पुष्प नगर, रोशन बाग, कमला केशर नगर, न्यू सुंदर नगर, कैलाश बाग कालोनी, न्यू कावेरी नगर, कावेरी नगर, आशा पैलेस, सुविधि नगर, लेक पैलेस, पंचवटी नगर, साहू नगर, सुंदर नगर, नेतराम का बगीचा, पवनपुरी, इंदिरा एकता नगर, शबनम नगर, श्रीराम नगर, पुष्पदीप नगर, समता नगर, सुमित्रा नगर, पार्वती पैलेस, सोनिया पैलेस, गजराज नगर-ए, गजराज नगर-सी, विनायक नगर, चेतन नगर (देवपुरी के पास), सूरज नगर एक्सटेंशन, काशी नगर, देवपुरी कालोनी, संजीवनी नगर, विप्र नगर, गणेशबाग, सूरज नगर टेकरी, प्रीति नगर, गजराज नगर-बी, चेयतन नगर-ए, अयोध्यापुरी कालोनी, आनंद नगर एक्सटेंशन, शुक्ला बगीची, गुलमोहन का बगीचा, राजाबाग, विशाल नगर, श्रद्धाबाग कालोनी, न्यू राजाराम नगर, कुशवाह नगर-ए, कुशवाह नगर-बी, कुशवाह नगर-सी, आनंद की बगीची, गयादीन पहलवान का बगीचा शामिल है।

### शेष कॉलोनी का परीक्षण जारी

उन्होंने बताया कि शेष कालोनियों के डीनोटिफाई किये जाने का निर्णय कर प्रस्ताव शीघ्र ही शासन को प्रेषित किया जाएगा । वर्तमान में इन योजनाओं का परीक्षण किया जा रहा है । ताकि इन योजनाओं में सम्मिलित शेष कालोनियों के रहवासियों को लाभ शासन के निर्णय अनुसार शीघ्र मिल सके।

---

नाइट कल्चर पर उषा ठाकुर बोली

## प्रयोग करके देखा इससे कोई फायदा नहीं नुकसान ज्यादा है, इसे बंद करने में भी क्या बुराई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इंदौर में नाइट कल्चर का लगातार विरोध हो रहा है। संस्कृति मंत्री ऊषा ठाकुर ने इंदौर में पब और नाइट कल्चर को इंदौर की संस्कृति पर धब्बा बताया है। उन्होने आगे कहा कि यह बिल्कुल सच है नाईट कल्चर भारतिय संस्कृती का हिस्सा हो ही नहीं सकता है। क्योंकि रात्रि तो निशाचरों के लिए और निशाचर प्रवती के लोगों के लिए है। नाईट कल्चर मां अहिल्या की पावन नगरी के भाई बहन नहीं स्वीकार करेंगे। मेरे पास भी काफी शिकायतें आ रही है सबका आग्रह है कि यह बंद होना चाहिए। देखिए भाई यह प्रयोग है एक बार करके देखा कोई फायदा है क्या लगा कोई फायदा नहीं नुकसान ज्यादा है तो इसे बंद करने में भी क्या बुराई है।

---

## पब और बार की अधिकारियों ने की निगरानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। सोमवार को शहर के जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया था जिसमें शहर में बढ़ रहे अपराधों को लेकर समीक्षा की गई। कलेक्टर इलैया राजा टी ने अपराधों पर अंकुश के लिए खुद व्यवस्थाओं का जायजा लिया था। कई ठियों पर वे खुद पहुंचे जहां उन्होने किसी को समझाइश दी तो किसी को फटकार भी लगाई। कलेक्टर के बाद अब एडीएम, एसडीएम और तहसीलदार ने मैदान सम्भाला। एडीएम रोशन राय ने स्कीम नं. 140 और अन्य क्षेत्र स्थित पब और बार का निरीक्षण किया।

---

## इंदौर मेट्रो के लिए बिजली कंपनी ने 10 एमवीए का कनेक्शन सर्व किया

◆ बिजली कंपनी ने विशेष रूप से टीसीएस चौराहे तक डाली पैंथर लाइन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। म.प्र. पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने इंदौर मेट्रो के लिए मंगलवार दोपहर 10 एमवीए का बिजली कनेक्शन विधिवत रूप से किया है। इसके लिए बिजली कंपनी ने विशेष रूप से उज्जैन रोड स्थित जैतपुरा के अति उच्चदाब पावर ग्रिड से अरविंदो चौराहे होते हुए टीसीएस चौराहे तक 17 किमी की अत्याधुनिक पैंथर लाइन की स्थापना अप्रैल में की है।

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के प्रबंध निदेशक अमित तोमर ने बताया कि मेट्रो के लिए उच्च शक्ति की 33 केवी की बिजली नई लाइन के माध्यम से देने के लिए सघन प्रयास किए गए थे। इसके लिए सत्रह करोड़ की मंजूरी देकर 17 मीटर ऊंचे मोनोपोल पर 510 एम्पीयर के पैंथर कंडक्टर लगाए गए। इससे उच्च क्षमता के साथ बिजली पहुँच रही है। श्री तोमर ने बताया कि इंदौर के सुपर कॉरिडोर स्थित टीसीएस चौराहे के पास मंगलवार दोपहर बिजली कंपनी की टीम ने विधिवत रूप से प्रोटोकाल के तहत मेट्रो की टीम के साथ पैंथर लाइन से मेट्रो के पावर कमांड सेंटर को चार्ज कर दिया।

### नए इंदौर के लिए बिजली

बिजली कंपनी की उपरोक्त पैंथर लाइन से मेट्रो के अलावा टीसीएस, इंफोसिस समेत अन्य नई कंपनियों, नए बस रहे इंदौर और अरविंदो के आसपास के क्षेत्र को निर्बाध बिजली मिलेगी।

---

कटाक्ष




---

### संभाग के हर जिले में दूर-दराज के क्षेत्र में लगेगा मेगा मेडिकल कैप : श्री मालसिंह

**इंदौर**। इंदौर संभाग के प्रत्येक जिले में एक मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन आने वाले समय में होगा। संभागायुक्त श्री मालसिंह ने आज गूगल मीट के माध्यम से संभाग के सभी सीईओ जिला पंचायत और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। संभागायुक्त श्री मालसिंह ने कहा कि यह मेगा मेडिकल कैंप ऐसे स्थान पर होना चाहिए, जहां अभी स्वास्थ्य सुविधाएँ नहीं है। उन्होंने निर्देश दिए कि स्थल का चयन ऐसे स्थान पर करें जहां पर 40 डॉक्टर आवश्यक मशीनों के साथ मौजूद रहकर ग्रामीणों का इलाज कर सके। इस मेगा कैम्प में मेडिकल कॉलेज और इंदौर के निजी हॉस्पिटल्स के विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ जिला स्तर के डॉक्टर भी उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं देंगे। मेडिकल कैंप में एक्स-रे, सोनोग्राफी मशीनों सहित पैथोलॉजिकल टेस्ट भी हो सकेंगे। संभाग आयुक्त द्वारा इस संबंध में श्री संजय सराफ को समन्वय कर तिथि तय करने के निर्देश दिए। संभागायुक्त द्वारा बैठक में संभाग के सभी जिलों में मौजूदा स्वास्थ्य सेवाओं के बीच समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थ कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर अनिवार्य रूप से अपने मुख्यालय में रहें।

---

## मुख्यमंत्री के मंशा अनुरूप सितंबर में होगा ट्रायल रन

◆ मेट्रो के कोच इंदौर के लिए रवाना, 10 सितम्बर तक इंदौर पहुंच जाएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। अगले माह से इंदौर में मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन प्रारंभ हो जाएंगा। मेट्रो कम्पनी के प्रबंध संचालक मनीषसिंह सितंबर माह मे होने वाले मेट्रो ट्रायल रन के मद्देनजर कार्यों को लेकर अधिकारियों से निरंतर अपडेट ले रहे हैं। ट्रायल रन का शुभारंभ मुख्यमंत्री के हाथों होगा।**

इसी कड़ी में इंदौर मेट्रो के लिए तीन कोच वाली पहली ट्रेन, कंपनी के सावली, वडोदरा, गुजरात स्थित यूनिट से आज इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है ' जो इसी माह के अंत तक इंदौर पहुँच जाएगी। भोपाल मे भी तीन कोच वाली एक ट्रेन 15 सितंबर तक पहुँच जाएगी । तीन कोच की मेट्रो ट्रेन के एक डिब्बे की लगभग 2.9 मीटर चौड़ाई, 22 मीटर लंबाई एवं ऊंचाई 5 मीटर होगी।

अधिकारियों ने अवगत करवाया कि इंदौर पहुँचने उपरांत गांधीनगर डेपो मे ह्र4-पॉइंट जेकह्न जो की आधुनिक तकनीक की मशीन है उससे ट्रेन को अनलोडिंग-बे पर अनलोड किया जाएगा, इसके लिए सभी तैयारियां कर ली गई है, साथ ही ह्लटङ्कू'-ळ१ं' ङ्का ळ१ं'ङ्क१ ङ्क१ टङ्क५ील्ल३ह्व का भी सफल परीक्षण इंदौर शहर मे किया जा चुका है जिसमे रोड़ की चौड़ाई, ट्रेन का भार, रोड़ के मोड़/घुमाव इत्यादि की जांच सफलतापूर्वक की जा चुकी है। श्री सिंह द्वारा निर्देश दिए की अनलोडिंग-बे पर सेफ़्टी संबंधी सभी तैयारियां कर ली जाएं एवं दिन-रात कार्य कर प्रयोरिटी रूट पर ट्रायल रन को सफलतापूर्वक करने का प्रयास करें '।

# जय इसरो - जय चंद्रयान - जय हिंदुस्तान



## चांद पर चंद्रयान : पीएम मोदी बोले अब बच्चे कहेंगे - चंदा मामा एक टूर के...

इसरो ISRO




### रिकॉर्ड अलर्ट

इसरो के यूट्यूब चैनल पर 8 मिलियन लोगों ने भारत के चंद्रयान 3 को चंद्रमा की सतह पर उतरते हुए देखा। यह किसी भी यूट्यूब चैनल स्ट्रीम पर रिकॉर्ड लाइव व्यूअरशिप है, जिसने ब्राजील बनाम क्रोएशिया मैच के 6.1M रिकॉर्ड को तोड़ दिया है।







# Social media

## पर छा गई चंद्रयान मिशन की सफलता ...














# श्योपुर में क्वांरी उफनी, खाली कराए जा रहे घर

## बड़वानी में नर्मदा खतरे से 8 मीटर ऊपर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मौसम विभाग के मुताबिक 28 अगस्त से मानसून पर एक बार फिर ब्रेक लग सकता है। ऐसा नए सिस्टम के एक्टिव नहीं होने से होगा।

तवा, बरगी से छोड़े गए पानी के कारण बड़वानी में नर्मदा नदी के पानी का लेवल बढ़ रहा है। बुधवार को बड़वानी से 5 किलोमीटर दूर राजघाट पर नदी का जलस्तर 131.900 मीटर पर पहुंच गया। नदी खतरे के निशान से 8.600 मीटर ऊपर बह रही है। राजघाट से सटे खेत डूब गए।

### विजयपुर में सब्जी मंडी में पानी भरा

श्योपुर में मंगलवार रात से हो रही बारिश के कारण विजयपुर में क्वांरी नदी उफना गई। विजयपुर की पुरानी सब्जी मंडी और नदी से कुछ दूर बने मैरिज गार्डन में पानी भर गया। नदी किनारे की बस्ती में पानी घुस गया। जलस्तर बढ़ता देख पुलिस और प्रशासन ने दुकान और घरों को खाली कराना शुरू कर दिया है। विजयपुर तहसीलदार अर्जुन सिंह भदौरिया का कहना है कि क्वांरी नदी का जलस्तर बढ़ गया है। प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर हैं।

### ओवरऑल 7% कम बारिश

मध्यप्रदेश में औसत 25.48 इंच बारिश हो चुकी है, जबकि अब तक 27.37 इंच बारिश होना चाहिए। इस हिसाब से ओवरऑल बारिश का आंकड़ा 7% कम है। पूर्वी हिस्से में औसत से 4% कम और पश्चिमी हिस्से में औसत से 10% कम बारिश हुई है। प्रदेश में सबसे ज्यादा बारिश नरसिंहपुर में हुई है। यहां अब तक 41 इंच से अधिक बारिश हुई है।

# शहडोल में ग्रामीणों ने पटवारी को पीटा

## भूमाफिया के साथ मिलकर घर और जमीन हड़पने का आरोप; सदमे से किसान की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल।** शहडोल के कोटमा गांव में ग्रामीणों ने पटवारी की जमकर पिटाई कर दी। ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी ने भूमाफिया के नाम फर्जी रजिस्ट्री कराकर गांव के संतोष बर्मन का घर और जमीन हड़प ली। सदमे से उसकी मौत हो गई। गुस्साए परिजन शव लेकर हाईवे जाम करने जा रहे थे। पुलिस ने उन्हें समझाइश देकर रोका। परिजन रजिस्ट्री निरस्त करने की मांग कर रहे हैं।

बुधवार संतोष बर्मन की मौत के बाद परिजन ने गांव में जमकर हंगामा किया। बवाल बढ़ने की जानकारी मिलते ही प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। टीम के साथ हल्के का पटवारी दीपक पटेल भी पहुंचा। पटवारी को देखते ही परिजन भड़क गए। लोगों ने पटवारी को पीट दिया। परिजन का आरोप है कि संतोष के बड़े भाई के बेटे ने फर्जी रजिस्ट्री कराकर प्रॉपर्टी भू माफिया गंगा सागर को बेच दी। एक महीने पहले जब पटवारी बाउंड्री करने आया पूरी बात पता चली। इसके बाद से भू माफिया लगातार घर खाली करने का दबाव बना रहा था। एक दिन उसने अपने साथियों के साथ आकर धमकी भी दी। संतोष तनाव में रहने लगा। तबीयत बिगड़ी तो जिला अस्पताल ले गए। डॉक्टर ने नागपुर रेफर कर दिया। यहां इलाज के दौरान संतोष की मौत हो गई।

# महाकाल लोक में छात्रा ने सुपरवाइजर को थप्पड़ मारा

## सिक्योरिटी गार्ड्स से भी हाथापाई की, बोली-पार्किंग में गाड़ियां क्यों खड़ी कराते हो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** महाकाल लोक में बुधवार सुबह एक छात्रा ने जमकर हंगामा किया। इस दौरान उसने प्राइवेट सिक्योरिटी एजेंसी क्रिस्टल के सुपरवाइजर को थप्पड़ मार दिया। महिला गार्ड से हाथापाई की। सुरक्षाकर्मियों को धक्का दिया। हंगामे का वीडियो सामने आया है। हालांकि, पुलिस ने छात्रा को समझाइश देकर छोड़ दिया है। इससे पहले उसका मेडिकल चेकअप भी कराया गया।

महाकाल थाने के रक अनिल ठाकुर ने बताया कि जाह्नवी पांडे (25) उत्तरप्रदेश में लखनऊ की रहने वाली है। वह सुबह 6 बजे महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन कर महाकाल लोक घूम रही थी। घूमते-घूमते वह गार्ड अंकित पाठक के पास पहुंची और बोली-पार्किंग में गाड़ियां क्यों खड़ी कराते हो? इसके बाद कंट्रोल रूम के पास आकर भी उसने यही बात दोहराई और पार्किंग में खड़ी गाड़ियों को लेकर पूछताछ करने लगी।

जब सुरक्षाकर्मियों ने परिचय पूछा तो उसने सभी को धमकाते हुए अभद्रता शुरू कर दी। छात्रा ने वहां मौजूद गार्ड्स के साथ मारपीट करने की कोशिश की। इसे देखकर सिक्योरिटी कंपनी के सुपरवाइजर आकाश करय्या वहां पहुंचे। उन्होंने रोका तो छात्रा ने उन्हें थप्पड़ मार दिया।

### पुलिस ने चेतावनी देकर छोड़ा

लेडी सिक्योरिटी गार्ड पूजा गोयल ने जाह्नवी को काबू करने की कोशिश की तो उसने हाथापाई शुरू कर दी। पूजा ने बताया, ह्यमैं सुबह 6.15 बजे ड्यूटी करने जा रही थी। देखा कि छात्रा हंगामा कर रही है। उसे समझाया तो उसने मारपीट की। बड़ी मुश्किल से उसे पकड़कर महाकाल थाने ले गए।ह्व

सुपरवाइजर आकाश करय्या ने बताया कि छात्रा गार्ड से बदतमीजी कर रही थी। ऐसा करने से मना करने पर उसने गाली-गलौज की और थप्पड़ मारा। महिला गार्ड को भी चोट पहुंचाई।

महिला गार्ड पूजा की शिकायत पर जाह्नवी के खिलाफ 107/16 (शांतिभंग की आशंका) में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस ने चेतावनी देकर उसे छोड़ दिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लखनऊ में कॉस्मेटोलॉजी की पढ़ाई कर रही है। उसके पिता नेवी में हैं। वह अकेली ही महाकाल दर्शन के लिए आई थी।

# केंद्रीय मंत्री तोमर को घेरा

## सोनकच्छ से राजेंद्र वर्मा का टिकट कटने पर जताई नाराजगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भोपाल में बुधवार दोपहर केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर का घेराव कर दिया। तोमर पार्टी कार्यालय से बाहर जा रहे थे, तभी सोनकच्छ के बीजेपी कार्यकर्ता उनकी कार के आगे आ गए। वे ढोल और नगाड़ों के साथ पार्टी ऑफिस पहुंचे थे।**

ये कार्यकर्ता सोनकच्छ से पूर्व प्रत्याशी राजेंद्र वर्मा का टिकट काटने की वजह से नाराज हैं। उन्होंने पार्टी ऑफिस में नारेबाजी की। हंगामा बढ़ते देख कार्यालय का गेट बंद करना पड़ा। समर्थकों का दावा है कि करीब ढाई हजार लोग टिकट बदलवाने की मांग को लेकर भोपाल पहुंचे हैं।




### ठेकेदार पर चाकूओं से ताबड़तोड़ हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** अज्ञात बदमाशों ने युवक को चाकू मार दिया। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई है। शहर के जूनी इंदौर लाइन के पास गौशाला चौराहे पर दिनदहाड़े एक शख्स पर कुछ अज्ञात बदमाशों ने चाकू से हमला कर दिया। गंभीर अवस्था में घायल शख्स को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की जानकारी मिलते ही पदम नगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। फिलहाल पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा कि शेख वाहिद अपने घर से खाना खाकर मकान की ठेकेदारी के काम पर दादाजी वार्ड की ओर जा रहा था। अचानक कुछ युवकों ने पहले पाइप से हमला कर दिया। जब वह गाड़ी से गिरा तो उस पर चाकू से हमला कर दिया। इसके बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। हमले में गंभीर घायल वाहिद जमीन पर पड़ा रहा।

# कटनी में 6 करोड़ की ठगी

## कंपनी में निवेश करवाने के नाम पर पिता-पुत्र ने लिए रुपए, 20 लोगों को जाल में फांसा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**कटनी।** कंपनी में निवेश कराकर जमा रुपयों पर 15 प्रतिशत मुनाफा प्रतिमाह देने का झांसा देकर एक पिता-पुत्र ने करीब 20 लोगों से 6 करोड़ रुपए की ठगी की है। पुलिस ने शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी करने की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

झिंझरी चौकी प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि दद्दा धाम कॉलोनी निवासी अमूल्य पाठक ने शिकायत की कि कॉलोनी में रहने वाले विवेक सिंह बघेल और उसके पिता जगवेंद्र सिंह बघेल ने मार्च 2022 में उसे बताया कि उन्होंने स्वयं की ब्लू बर्ड्स इंडिया ग्लोबल कंपनी बनाई है, जिसमें निवेश करने पर अच्छा मुनाफा हो रहा है। निवेश किए गए रुपए पर हर महीने 15 प्रतिशत का मुनाफा होने की जानकारी दी गई। मुनाफे के झांसे में आकर उसने 4 लाख 97 हजार रुपए जमा कर दिए। निवेश किए गए रुपए चार महीने तक मुनाफा की राशि भी दी गई, लेकिन उसके बाद मुनाफा मिलना बंद हो गया। जिसके बाद उन्होंने विवेक सिंह से संपर्क कर जानकारी मांगी, तो पता चला कि उसने रुपए अपनी कंपनी में लगाने की बजाय फॉरेस्ट शेयर मार्केट में लगा दिए हैं और फॉरेस्ट शेयर मार्केट में रुपए डूब गए हैं।

# संपादकीय

## भारत बना दुनिया का पहला देश

अंतरिक्ष को जानने-समझने के क्रम में भी हमारा विज्ञान आज नई ऊंचाइयों को हासिल कर सका है और दुनिया एक अंधेरे युग से निकल सकी है। इस क्रम में कई देशों के अभियानों के जरिए अंतरिक्ष के अनंत आकाश के बारे में समझने में मदद मिली है। अब चंद्रयान-3 इसमें नया अध्याय रचने जा रहा है। इसरो की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, चंद्रयान-3 के लिए मुख्य रूप से तीन उद्देश्य निर्धारित किए गए थे। यह स्थिति स्वाभाविक ही थी क्योंकि ऐसे अभियानों में आखिरी के कुछ पल सबसे महत्त्वपूर्ण माने जाते हैं। लेकिन चौदह जुलाई के बाद अपनी चालीस दिन की यात्रा पूरी कर चंद्रयान-3 बुधवार शाम को ठीक जिस पल चांद की सतह पर कामयाबी के साथ उतरा, उस पल ने दुनिया भर में देश का माथा ऊंचा कर दिया। आज भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है, जिसने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतरने में अपना झंडा लहराया। इसके साथ ही एक बार फिर यह साबित हुआ है कि विज्ञान और तकनीक के क्षेत्र में देश के वैज्ञानिकों और खासतौर पर इसरो ने जिस स्तर पर जाकर काम किया है, उसने आज दुनिया भर में भारत को एक बड़ा सम्मान दिलाया है। हालांकि इससे पहले अंतरिक्ष में अन्य तमाम उपलब्धियों के जरिए देश ने सफलता की एक लंबी शृंखला कायम की है, लेकिन चंद्रयान-3 के अभियान को दुनिया भर में जिस तरह देखा जा रहा था, उससे इसकी अहमियत की भी पुष्टि होती है। अब ताजा सफलता के साथ ही अंतरिक्ष कार्यक्रम में भारत को एक नई और बेहतर जगह बनेगी। यह बेवजह नहीं है कि चंद्रयान-3 के चांद के सतह पर उतरने के साथ ही तमाम बड़े देशों और उनके नेताओं की ओर से भारत के लिए विशेष बधाइयां भेजी गईं। यह इसलिए महत्त्वपूर्ण है कि दुनिया के कई वैसे देश, जो विज्ञान और तकनीक के मामले में दुनिया भर में अग्रणी माने जाते हैं, भारत आज उनके समांतर खड़ा होने और कई मामलों में आगे निकल जाने का सफर तय कर चुका है। यह भी गौरतलब है कि कुछ ही दिन पहले रूस को तब बड़ा झटका लगा था, जब 'लूना-25' चांद की सतह पर पहुंचने के पहले ही तबाह हो गया।

**Quote...**

"Tell me and I forget. Teach me and I remember. Involve me and I learn."
-Benjamin Franklin

॥ રામ ॥
MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

... हमारे जीवन में कोई ग्रंथ हो ...एक ग्रंथ हमारा इष्ट हो... जैसे भगवान वेद तो हमारा मूल है ...आदि अनादि है ...और उसके बाद सद्ग्रंथ हमारे यहां आए ...जिसको जिस ग्रंथ में श्रद्धा हो ...श्रीमद् भागवत... श्रीमद् रामचरितमानस ...महाभारत कोई भी...

॥ रामकथा ॥ मानस गुरु वंदना ॥

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**धर्म-कर्म**

# मंगलवार के व्रत शुरू करने से पहले जान लें जरूरी नियम

## भूलवश भी न हो जाएं ये 5 गलतियां

आपने बहुत से लोगों को मंगलवार के दिन ब्रह्मचर्या का पालन और उपवास करते देखा होगा. क्या आप जानते हैं कि इस दिन व्रत-उपासना कितनी मंगलकारी और फलदायी होती है. मंगलवार का व्रत मंगल ग्रह की समस्याओं को दूर करने के लिए रखा जाता है. इस व्रत से हनुमान जी की कृपा भी प्राप्त होती है. साथ ही, इंसान में गजब का आत्मविश्वास पैदा होता है और बुरे कर्मों से बचाव होता है.



### ◆ मंगलवार व्रत के लाभ

ज्योतिषविद शैलेंद्र पांडेय के अनुसार, जिनकी कुंडली में मंगल अशुभ फल देता है, ऐसे लोग उग्र, चिड़चिड़े या हिंसात्मक स्वभाव के हो जाते हैं. मंगल दोष के कारण वैवाहिक जीवन में समस्याएं और शुभ व मांगलिक कार्यों में बाधाएं आने लगती हैं.

### ◆ मंगलवार व्रत की विधि

मंगलवार को प्रातःकाल स्नान करके लाल वस्त्र धारण करें. हनुमान जी की उपासना करें और व्रत का संकल्प लें. फिर मंगल के मंत्र का जाप करें. इसके बाद संध्याकाळ में हनुमान जी को सिंदूर और चमेली का तेल अर्पित करें. हनुमान जी की आरती उतारें. खान-पान में केवल मीठी चीजों का सेवन करें और नमक से परहेज करें.

### ◆ मंगल के मंत्र क्या होंगे ?

**"ॐ अं अंगारकाय नमः"**

**"ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः"**

### ◆ मंगलवार व्रत की उद्यापन विधि

साधक को 3, 5, 7, 11 या 21 मंगलवार व्रत करके उसका उद्यापन करना चाहिए. उद्यापन करते समय 7 नारियल हनुमान जी या देवी दुर्गा के मंदिर में अर्पित करें. पंचामृत चढ़ाकर सिंदूर का दान करें. गरीबों या ब्रह्माणों को भोजन कराएं. मदिर में लाल रंग की ध्वजा चढ़ाएं. उद्यापन के दिन रक्त चंदन की माला धारण करें. यह माला 7 दिन तक पहने रखें.

### ◆ इन गलतियों से बचें

मंगलवार के व्रत में सबसे ज्यादा ध्यान पवित्रता का रखा जाता है. पूजा के समय मन को इधर-उधर न भटकने दें. अगर किसी मीठी वस्तु का दान करते हैं तो उसे स्वयं ग्रहण न करें. काले या सफेद वस्त्र पहनकर हनुमानजी की पूजा न करें. लाल कपड़े पहनना सबसे अच्छा होता है. व्रत रखने वाले व्यक्ति को दिनभर में केवल एक बार भोजन करना चाहिए.

## Highlights

1. North Korea's 2nd attempt to launch spy satellite into orbit fails
2. Ukraine shares video of destroying Russian missile defence system
3. Putin congratulates India on Moon landing, calls it a 'big step forward in space exploration'
4. It is an incredible feat: US VP Harris on Chandrayaan-3 landing
5. Putin doesn't forgive: Ukraine on Wagner chief's reported death

# Global uncertainty may keep inflation elevated: Sitharaman

**NEW DEIHI, (Agency).** Global uncertainty and domestic disruptions may keep inflationary pressures elevated in coming months, the finance ministry said on Tuesday, adding that this warrants greater vigilance by government and the Reserve Bank of India.

India's retail inflation, as measured by the Consumer Price Index, jumped to a 15-month high to 7.44% in July from 4.87% the preceding month, with food inflation at its highest in 39 months because prices of vegetables, cereals and pulses spiked.

"Monsoon rains in August have been deficient at the time of writing," the ministry said in its latest monthly economic review, hinting at persistent supply-side uncertainties. Adverse geopolitical developments could put pressure on food prices globally, it said.

Fresh supplies of farm produce and the government's timely measures would soften food inflation, the July review, released Tuesday, added. "The government has already taken pre-emptive measures to restrain food inflation which, along with the arrival of fresh



stock, is likely to subside price pressure in the market soon."

Elevated inflationary pressures may pose a challenge to macroeconomic stability as food inflation has shown an uptick globally in July after a continuous decline since April 2022 (except in April 2023), the review cautioned.

The impact of global disruptions was clearly evident in India's inflation numbers, the report said. "Headline inflation spiked to 7.4% in July 2023, with specific food commodities mainly driving the increase, while core inflation stayed at a 39-month low of 4.9%," it said. Cereals, pulses and vegetables saw double-digit price growth in July compared to the corresponding period last year, it added.

Retail inflation also soared because of local factors, the review said. Disruption in domestic production aggravated inflationary pressures, it added. Interruption in the supply chain of tomatoes due to the white fly disease in Kolar district in Karnataka and the swift arrival of monsoon in northern India caused a surge in tomato prices. Prices of tur dal (pigeon pea) rose due to deficient production in this years summer season.

# Sennheiser's Ambeo Soundbar Plus stays true to basics of good home theatre sound

**NEW DEIHI, (Agency).** A ₹1,39,990 soundbar and ₹69,990 for the accompanying Ambeo Sub sub-woofer isn't for the fainthearted. It most certainly is a niche. Keeping that as the foundation is important because Sennheiser's second generation attempts at figuring significantly in your home theatre setup, emerged with a distinct maturity.

Whether this will elicit a reaction from the competition will be a guess. Even if you do not contemplate that far, the Sennheiser Ambeo Soundbar Plus is following a tradition. It now sits alongside the more expensive Sennheiser Ambeo Soundbar Max



(that's around ₹2,24,990). An important element with the design is the height, which has been kept in check well enough for this to not obstruct the view of the TV.

Once the Ambeo Soundbar Plus and the Ambeo Sub are working in sync, the setup that's essentially created is a 7.1.4 setup – that's seven audio drivers placed in upward, forward and side firing positioning, each being 2-inch aluminium cones, as well as two 4-inch woofers. Since the basics of directional audio haven't been forgotten, the soundbar does a good job of blanketing the room with sound, except the illusion you'd expect from physical rear audio speakers, since that's not physically possible.

New Delhi

# कर्मचारी ने अगर की है दूसरी शादी, तब भी नहीं कर सकते नौकरी से बर्खास्त; हाई कोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा है कि अगर किसी सरकारी सेवक ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी कर ली है, तब भी उसे नौकरी से बर्खास्त नहीं किया जा सकता है। हाई कोर्ट ने हाल ही में एक सरकारी कर्मचारी की पहली शादी के अस्तित्व में रहने के दौरान दूसरी शादी करने के आरोप में उसकी बर्खास्तगी को रद्द कर दिया। कोर्ट ने याचिकाकर्ता के तर्क में योग्यता पाते हुए कहा कि सजा अन्यायपूर्ण है क्योंकि कथित दूसरी शादी पर्याप्त रूप से साबित नहीं हो सकी है।

जस्टिस क्षितिज शैलेन्द्र ने आगे कहा कि कर्मचारी ने भले ही दूसरी शादी कर ली हो, उसे नौकरी से बर्खास्त नहीं किया जा सकता है क्योंकि यूपी सरकारी सेवक आचरण नियमावली के नियम 29 में सरकारी कर्मचारी की दूसरी शादी के मामले में केवल मामूली



सजा का प्रावधान है। लाइव लॉ की रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा, 'तथ्यात्मक और कानूनी प्रस्ताव पर विचार करते हुए, जैसा कि हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 में बताया गया है और इस न्यायालय या प्राधिकारियों के समक्ष कोई अन्य सामग्री नहीं है, मेरा मानना है कि पहली शादी के अस्तित्व के दौरान दूसरी शादी करने का अनुमान लगाकर याचिकाकर्ता को दंडित करना तथ्य और कानून के अनुरूप नहीं है...यहां तक कि जब सरकारी कर्मचारी की ओर से उपरोक्त कृत्य स्थापित हो जाता है, तब भी उसे केवल मामूली दंड ही दिया जा सकता है, बड़ा दंड नहीं।' दरअसल, याचिकाकर्ता को 8 अप्रैल, 1999 को जिला विकास अधिकारी, बरेली के कार्यालय में बतौर प्रशिक्षु नियुक्त किया गया था। विवाद तब खड़ा हुआ जब आरोप लगाए गए कि उसने दूसरी शादी कर ली है, जबकि वह पहले से शादी-शुदा है और वह शादी चल रही है।

Paschim bangal

## नौकरी घोटाले में पहली बार उछला ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी का नाम, बंगाल में सियासी बवाल

**कोलकाता, (एजेंसी)** पश्चिम बंगाल के चर्चित नौकरी घोटाले में पहली बार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का नाम उछला है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी प्रेस रिलीज में उनका भी नाम लिखा है। स्कूल भर्ती घोटाले के मुख्य संदिग्ध सुजयकृष्ण भद्र के खिलाफ सबूत इकट्ठा करने के लिए ईडी द्वारा लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालयों और उसकी संपत्तियों पर मंगलवार और बुधवार को बैक-टू-बैक छापेमारी की गई। इसके बाद वेबसाइट के जरिए प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई। आपको बता दें कि यह छापेमारी अभिषेक बनर्जी के अमेरिका से कोलकाता लौटने के एक दिन बाद हुई है। अभिषेक अपनी बाईं आंख का इलाज कराने के लिए अमेरिका गए थे। प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, ''आरोपी सुजयकृष्ण भद्र मेसर्स लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) थे। इस कंपनी जिसका इस्तेमाल करोड़ों रुपये के संदिग्ध लेनदेन के लिए किया जाता था। वह अप्रैल 2012 से मार्च 2016 तक इस कंपनी में निदेशक भी रहे। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी मेसर्स लीप्स एंड बाउंड्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) हैं।

Bihar

## युवक ने बिजली काटकर पहले गांव को अंधेरे में डुबोया, फिर घर में घुस महिला से किया गलत काम; लोगों ने पीटा

**भागलपुर, (एजेंसी)** बिहार के भागलपुर के पुलिस जिला नवगछिया के कदवा ओपी थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनियां कदवा से काफी अजीब और घृणित मामला सामने आया है। बताया जा रहा कि शुक्रवार की रात गांव के ही एक मनचले युवक ने अपनी वासना पूरी करने के लिए दो ट्रांसफॉर्मरों की बिजली काट कर पूरे गांव को अंधेरे में डुबो दिया। उसके बाद युवक ने एक घर में घुस कर वहां सो रही एक महिला से हथियार का भय दिखा कर दुष्कर्म किया। पीड़ित महिला का पति दरवाजे पर सोया हुआ था। घर में शोरगुल होने पर जब पति भीतर गया तो उसने अपनी पत्नी के साथ जबरदस्ती करते रंगे हाथ युवक को पकड़ लिया। उसके बाद ग्रामीणों ने आरोपी युवक के पैर बांध कर जमकर पिटाई कर दी।

Uttarpradesh

## मौत के बदले में ली जान: अघोरी को पहले पिलाई शराब फिर जला दिया, आरोपी बोले- उसकी वजह से बेटे ने की थी आत्महत्या

**उन्नाव, (एजेंसी)** उन्नाव जिले के न्यूकटरा मोहल्ले में अधेड़ की हत्या कर शव घर में छिपाकर जलाने की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया। मृतक हरिद्वार के थाना मंगलौर के कस्बा लंढोरी का रहने वाला था। वह अघोरी था। हत्यारोपियों ने पांच दिन पहले उसे हरिद्वार से घर लाकर शराब पिलाई थी और गला दबाकर हत्या कर दी थी। किसी को पता न चले इसके लिए तेजाब डालकर शव जला रहे थे। नाम पता मिलने के बाद शिनाख्त के लिए पुलिस की एक टीम हरिद्वार भेजी गई है। मृतक अघोरी तंत्रमंत्र कराने के साथ सट्टे का काम करता था। उसी ने हत्यारोपी के बेटे को भी इसी में फंसाया था। इसके बाद में रुपये उधारी होने पर अघोरी ने बेटे को परेशान किया था। इससे एक साल पहले बेटे ने आत्महत्या कर ली थी। उसी का वह बदला लेना चाहता था। न्यू कटरा मोहल्ला निवासी संतोष कनौजिया के घर से मंगलवार को पुलिस ने अधेड़ का अधजला शव बरामद किया था। घर से दुर्गंध आने पर पड़ोसियों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मकान मालिक और उसके साथी शेरू को गिरफ्तार किया था। नशे में धुत होने से पहले, तो दोनों ने कुछ नहीं बताया। इसके बाद में सीओ, फिर कोतवाल ज्ञानेंद्र सिंह और रात में एसओजी टीम के सदस्यों ने रातभर हत्यारोपियों से पूछताछ की।

खेल

ICC ODI Ranking

# गिल को एक स्थान का फायदा, कोहली नौवें नंबर पर गेंदबाजों में सिराज-कुलदीप शीर्ष 10 में शामिल

**नई दिल्ली।** आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को एक स्थान का फायदा हुआ है। गिल बल्लेबाजों की रैंकिंग में चौथे स्थान पर बने हुए हैं। गिल के अलावा विराट कोहली ने नौवें स्थान पर हैं। गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज एक पायदान के नुकसान के साथ पांचवें और कुलदीप यादव 10वें स्थान पर हैं। हंबनटोटा में पहले वनडे मैच में अफगानिस्तान पर पाकिस्तान की जीत ने उनके कई खिलाड़ियों को आईसीसी रैंकिंग में फायदा दिलाया है।



बाबर आजम की टीम ने मंगलवार को अफगानिस्तान पर 142 रन की शानदार जीत के साथ इस साल के आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप से पहले एक चेतावनी जारी की, जिसमें सलामी बल्लेबाज इमाम-उल-हक और तेज गेंदबाज हारिस रऊफ स्टार प्रदर्शन करने वालों में शामिल थे। इमाम ने 61 रनों के साथ पाकिस्तान की पारी को संभाला और बल्लेबाजों की रैंकिंग में एक स्थान की छलांग लगाकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बाबर ने मैच में तीसरी गेंद पर शून्य के स्कोर पर आउट होने के बावजूद अपनी बादशाहत कायम रखी है। बाबर 880 रेटिंग अंक के साथ दक्षिण अफ्रीका के रासी वैन डेर डुसेन (777) से आगे हैं, इमाम 752 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं। भारत के शुभमन गिल 743 रेटिंग अंक के साथ चौथे और पाकिस्तान के फखर जमान 740 अंक के साथ पांचवें स्थान पर हैं। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान अफगानिस्तान के खिलाफ 21 रनों की पारी के बाद बल्लेबाजों की सूची में तीन स्थान ऊपर 58वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजों की वनडे रैंकिंग में ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड अभी भी 705 रेटिंग अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं। मिचेल स्टार्क 686 अंक के साथ दूसरे और मुजीब उर रहमान पाकिस्तान के खिलाफ तीन विकेट लेने के बाद कुल मिलाकर तीन स्थान ऊपर चढ़कर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। मोहम्मद नबी एक ही मैच में अपने दो विकेटों के कारण 11वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि रऊफ ने पाकिस्तान के लिए पांच विकेट लेने के बाद सात स्थानों की बढ़त के साथ अपने करियर की नई उच्चतम रेटिंग हासिल की और कुल मिलाकर 36वें स्थान पर पहुंच गए। न्यूजीलैंड के खिलाफ यूएई की सीरीज और भारत के साथ आयरलैंड की सीरीज के पहले दो मैचों के बाद, टी20 रैंकिंग में भी कुछ बदलाव आया। मार्क चैपमैन 126 रनों के साथ सीरीज में अग्रणी रन-स्कोरर थे और बाएं हाथ के बल्लेबाज ने टी20 में बल्लेबाजों की सूची में आठ स्थान की छलांग लगाकर कुल मिलाकर 24वें स्थान हासिल कर लिया है।

सिनेमा

## 'ड्रीम गर्ल 2' में आयुष्मान का पूजा बन जाना क्यों फनी नहीं नजर आता!



आयुष्मान खुराना हर नए किरदार में जैसे अपने टैलेंट का एक नया लेवल बड़े पर्दे पर लेकर आते हैं. उनके किरदारों में से किसी एक को सबसे दिलचस्प कहना थोड़ा मुश्किल है. लेकिन 2019 में आई 'ड्रीम गर्ल' में वो जब स्क्रीन पर लड़की की आवाज में फोन पर बतियाते नजर आए, तो जनता को खूब मजा आया.

लड़की की आवाज में फोन पर लड़कों से बात करना, रियल लाइफ में कई लोगों ने बतौर प्रैंक देखा-सुना होगा. मगर 'ड्रीम गर्ल' में आशिकों के टूटे दिलों को मरहम लगाती 'पूजा' के अवतार में आयुष्मान को इतना पसंद किया गया कि ये फिल्म अबतक उनके करियर की सबसे कमाऊ फिल्म भी है. अब, आने वाले शुक्रवार को इसका सीक्वल 'ड्रीम गर्ल 2' थिएटर्स में रिलीज होने को तैयार है. फिल्म का ट्रेलर 2 हफ्ते पहले रिलीज किया जा चुका है. पिछली बार से कहानी आगे बढ़ाते हुए डायरेक्टर राज शांडिल्य ने इस बार सबसे नया काम ये किया है कि अबतक सिर्फ फोन पर ही रहा आयुष्मान का फीमेल अवतार 'पूजा', अब रियल में स्क्रीन पर उतर आया है. यानी इस बार आयुष्मान सिर्फ पूजा बनकर फोन पर बातें नहीं कर रहे, बल्कि लड़की के गेटअप में खुद पूजा बने नजर आ रहे हैं. बहुत लोग ट्रेलर देखकर, लड़की के रोल में उतर आने के लिए आयुष्मान की तारीफ भी कर रहे हैं.

## नाबालिग नशेड़ी बेटे ने पिता को मार डाला

**इंदौर।** शिप्रा इलाके में बुधवार शाम 17 साल के बेटे ने अपने पिता की चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि बेटा नशे का आदी है। पिता आए दिन उसे रोकता था। रात में वह नशे में घर आया तो पिता ने उस पर हाथ उठा दिया। इस बात से गुस्सा होकर उसने यह कदम उठा लिया। शिप्रा पुलिस के मुताबिक घटना गोविंदपुरा इलाके की है। यहां रहने वाले 55 वर्षीय एक व्यक्ति की उसके 17 साल के बेटे ने चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया जाता है कि लक्ष्मण का बेटा बुधवार को बहुत नशे में था। वह और शराब पीने की जिद कर रहा था। इस पर पिता ने उसे रोका। नशे में बेटा घर में घुसा और चाकू निकालकर पिता पर दो वार कर दिए। हादसे में पिता घर में ही गिर पड़े। उन्हें बाद में नजदीक के अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में नाबालिग बेटे पर हत्या का केस दर्ज किया है।

## विद्यार्थियों को दी साइबर अपराधों की जानकारी

**इंदौर।** डीएवीवी कंप्यूटर साइंस विभाग के स्टूडेंट ने बुधवार को पुलिस की साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता की क्लास अटैंड की। पुलिस के सायबर क्राइम अवेयरनेस कार्यक्रम का उद्देश्य नई पीढ़ी को सायबर अपराधों के प्रति जागरूक करना है और ऑनलाइन ठगी से बचाना है। इस अवसर पर 300 स्टूडेंट्स सहित विभाग का स्टाफ भी मौजूद रहा, जिन्होंने साइबर अपराधों एवं इनसे सुरक्षा की बारिकियों को समझा। बुधवार को एडीशनल डीसीपी क्राइम राजेश दंडोतिया, सायबर अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ क प्यूटर साइंस एंड आईटी विभाग के स्टूडेंट्स से बात की। उन्होंने स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के साइबर अपराधों के प्रकारों, इनके करने के तरीके और इनसे किस प्रकार बचा जाए आदि के संबंध में विस्तृत रूप से बताया।

## युवक से मोबाइल लूटा

**इंदौर।** एरोड्रम इलाके में दिनदहाड़े मोबाइल लूट की वारदात हुई है । पुलिस ने चार दिन बाद केस दर्ज किया है। सौरभ पाटील पिता छगन पाटिल निवासी गोविंद कॉलोनी की शिकायत पर पुलिस ने दो अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज किया गया है। सौरभ चार दिन पहले घर से खाना खाकर पैदल पवार ऑटो गैरेज के लिए जा रहा था। मोबाइल पर वह बात कर रहा था इस दौरान बाइक सवार बदमाश आए और उसका मोबाइल छीनकर ले भागे।

# ऑनलाइन ठगी का आरोपी पकड़ाया

### चोरी के मोबाइल का यूपीआई बदलकर खाते से निकाले थे लाखों रुपए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **सायबर सेल ने ऑनलाइन ठगी के आरोपी को गिरफ्त में लिया है। आरोपी ने महिला का घर से मोबाइल चोरी कर उसका लॉक खोलने और बैंक से यूपीआई बदलकर लाखों रुपए निकाल लिए थे।**

सायबर सेल एसपी जितेन्द्रसिंह ने बताया कि गत 14जनवरी को शहर में रहने वाली महिला ने बताया कि उसके घर से मोबाईल चोरी हो गया था, जो बैंक खातों से लिंक था। अज्ञात बदमाश द्वारा उक्त मोबाइल नंबर का उपयोग कर खाते से 2 लाख 80 हजार रुपए ट्रांसफर लिए हैं।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए एसपी जितेन्द्रसिंह ने मामले की जांच और आरोपी को पकडऩे टीम बनाई। टीम ने मोबाइल में लिंक खाते से ट्रांसफर होने वाली बैंक डिटेल व अन्य जानकारियों लेकर जांच की तो पता चला कि कुछ राशि किशन पिता तुलसीराम मीणा निवासी सिमरोल के खाते में भी गई है। पुलिस टीम ने संदिग्ध खातों को डेबिट होल्ड कराते हुए किशन से संपर्क किया। पूछताछ में आरोपी पुलिस टीम को पहले तो गुमराह करने लगा, लेकिन बाद में अपराध कबूल लिया। इस पर टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपी ने बताया कि जिस मोबाइल को उसने चोरी किया था, उसमें बहुत ही आसान पैटर्न लाक था, जिसे खोलने में उसे दिक्कत नहीं हुई। लाक खोलने के बाद उसने सीम की जानकारी निकालकर बैंक लिंक यूपीआई का पिन रिसेट कर खाते से रुपए ऑनलाईन ट्रांसफर किए थे। टीम ने आरोपी के कब्जे से चोरी का मोबाइल, घटना में उपयोग किया गया मोबाइल मय सीम, बैंक पासबुक व 68 हजार रुपए नकदी जब्त की है।

एसपी जितेन्द्रसिंह ने मोबाइल से बैंकिंग करने वाले आम लोगों से अपील की है कि वे मोबाइल में स्ट्रांग लॉक एक्टिवेट करें। ताकि मोबाइल गुमने या चोरी होने पर उसका उपयोग नहीं हो सके। मोबाइल के साथ एटीएम पिन, यूजर आईडी, पासवर्ड आदि की जानकारी लिखित में न रखें।

# बर्थडे पार्टी से आईफोन नगदी का बैग चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **द्वारकापुरी में 8 साल के बच्चे की बर्थडे पार्टी के बाद गिफ्ट और केश से भरा बैग चोरी हो गया। सीसीटीवी में दिख रहा संदिग्ध नाबालिग है। तीन दिन तक पुलिस के केस दर्ज नहीं करने के बाद पीड़ित ने बुधवार को डीसीपी जोन 4 से शिकायत की। इसके बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। परिवार के मुताबिक उन्होंने घटना के एक घंटे के बाद ही पुलिस से शिकायत कर दी थी।**

फरियादी के मुताबिक बुधवार रात तक उनका मोबाइल भी चालू था। लेकिन पुलिस तीन दिन तक उन्हें जांच का आश्वासन ही देती रही। द्वारकापुरी थाने के 7 स्टेप गार्डन में अंजू ठाकुर के नाती की रविवार को बर्थडे पार्टी थी। रात में पूरा परिवार मेहमानों के जाने के बाद खाना खा रहा था। इस दौरान दौरान एक नाबालिग बदमाश टेबल पर रखा हुआ बैग चुराकर भाग गया।

रात करीब 11.45 बजे अंजू ठाकुर ने बैग ढूंढा तो वह नहीं मिला। जिसके बाद उन्होंने रात में ही थाने जाकर सूचना की। अंजू के मुताबिक बैग में उनके 10 हजार रुपए नगद, दामाद द्वारा दिए गए 50 हजार, आईफोन और बर्थडे में बच्चे को आए केश के लिफाफे थे।

पीड़िता अंजू ठाकुर ने बताया कि वह तीन दिन तक थाने पर एफआईआर को लेकर चक्कर काटती रही। इस दौरान यहां पुलिस मोबाइल सर्विलांस पर डालकर जांच की बात करती रही। वहीं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों को पकडऩे की बात की। बुधवार को वह मामले में डीसीपी राजेश सिंह के पास पहुंची। उन्हें फुटेज दिखाते हुए पूरे मामले की जानकारी दी। डीसीपी ने टीआई मालवीय को फटकार लगाई। इसके बाद केस दर्ज किया गया।

## शराब के लिए मारपीट

इंदौर। युवक का रास्ता रोककर बदमाश ने शराब पीने के लिए रुपए मांगे। इनकार करने पर उसके साथ बुरी तरह मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मल्हारगंज पुलिस के मुताबिक वारदात मंगलवार की रात मल्हारगंज इलाके में जिन्सी कॉ्पलेक्स के बाहर हुई। रणवीर पिता कताला निवासी रामगंज ङ्क्षजसी की रिपोर्ट पर आरोपी आसिफ उर्फ बल्ली निवासी ङ्क्षजसी के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। रणवीर ने बताया कि आरोपी ने रास्ता रोककर शराब पीने के लिए रुपए मांगे, इनकार करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

# एमवाय में पहली मंजिल से गिरकर मरीज की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एमवाय अस्पताल में हादसा हो गया। यहां पहली मंजिल से गिरकर मरीज की मौत हो गई। बताया जाता है वह अपने रूटीन चेकअप के लिये यहां पहुंचे थे। वह ऊपर से कैसे गिरे इस मामले को लेकर पुलिस गुरुवार को सीसीटीवी फुटेज चेक करेगी। मामले में संयोगितागंज पुलिस ने जांच शुरू की है। संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक मुकेश (55) पिता दर्शनलाल अटारिया निवासी द्वारकापुरी बुधवार को अपना चेकअप कराने एमवाय पहुंचे। यहां डॉक्टर से चेकअप कराने के बाद वह पहली मंजिल की बालकनी पर आए और नीचे गिर गए। उन्हें उपचार के बाद एमवाय में ही भर्ती किया गया। यहां देर शाम उनकी मौत हो गई। मुकेश जयरामपुर कॉलोनी में चाय की दुकान चलाते हैं। उनके दो बेटे हैं। वह 12 साल से बीमारी से परेशान थे। उनका एमवाय अस्पताल में ही उपचार चल रहा था। वह यहां नियमित चेक अप के लिये आते थे। एमवाय अस्पताल प्रशासन ने इस हादसे में हादसा होने की बात कही है। वहीं परिवार को भी चक्कर आने की बात कही है। शाम को मामले में बेटे अनुज को सूचना मिली थी। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को यहां लगे कैमरों के फुटेज चेक किये जाएंगे।

# फिर एक मंदिर को चोरों ने बनाया निशाना

### दान पेटी का ताला तोडक़र रुपए ले भागे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। किशनगंज में स्थित काली माता मंदिर पर चोरों ने दान पेटी का ताला तोडक़र उसमें रखी राशि को चुरा कर ले गए। दो दोनों में मंदिर में चोरी का यह दूसरा मामला है। दो दिन पहले भी अज्ञात चोरों ने मंदिरों को निशाना बनाया था। बडगोंदा में स्थित बालाजी मंदिर से चोर चांदी का मुकुट और दान पेटी उड़ा कर ले गए थे। 2 दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक पुलिस को चोरों का सुराग नहीं मिला।

अब चोरी का दूसरा मामला किशनगंज थाना क्षेत्र से सामने आया है। यहां किशनगंज में स्थित प्राचीन काली माता मंदिर से चोर दान पेटी ले गए बाकायदा चोरों ने पहले मंदिर का गेट तोड़ा अंदर घुसे और दान पेटी को तोड़ते हुए दान पेटी में रखे नगदी पैसे और अन्य सामान ले भागे मामले की जानकारी लगते ही किशनगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची। मामले की जांच कर रही है इधर मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद है।

sponcership

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

Detective Group Report
SUBSCRIBE

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैंनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।

■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।